# कार्यालय जिलाधिकारी, बदायूँ।

प्रेस– विज्ञप्ति
राजस्व विभाग,उ0प्र0
लेखपाल भर्ती परीक्षा–2015

जनपद का नाम –बदायूँ | परीक्षा का नाम– लेखपाल राजस्व

विज्ञापन संख्या – 1519 / सात–भूलेख | दिनांक : 03 जुलाई, 2015

आवेदन पत्र स्वीकार (SUBMIT)किये जाने की अंतिम तिथि –22 जुलाई, 2015

परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अंतिम तिथि –21 जुलाई, 2015

प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा लेखपाल के पद पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारुप पर आन लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। लिखित परीक्षा दिनांक 30 अगस्त 2015 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा के समय तथा स्थल का उल्लेख प्रवेशपत्र पर उल्लिखित रहेगा, जिसे अभ्यर्थियों द्वारा आन लाइन प्राप्त किया जा सकता है।

रिक्तियों का विवरण

| क्रम | पद नाम | दिनांक 01.07.2015 को आयु | वेतनमान | कुल रिक्त पदों की संख्या | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जन जाति | अन्य पिछड़ा जाति | पद हेतु शैक्षिक अर्हता | पद हेतु अधिमानी अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लेखपाल | न्यूनतम 18वर्ष अधिकतम 40वर्ष | रू0 5200–20200 (ग्रेड पे–2000) | 113 | 65 | 19 | 0 | 29 | माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 की इन्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण | 1–प्रादेशिक सेना में न्यूनतम 02 वर्ष की अवधि तकसेवा की हो या 2–राष्ट्रीय "कैडेट कोर का बी" प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो। |

2(1)–लेखपाल पदों की भर्ती "उ0प्र0लेखपाल सेवा नियमावली 2006,यथा संशोधित 2014" एवं समय समय पर जारी किये गये शासनादेशों एवं परिषदादेशों के अनुसार लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा।

(2)दिनांक 01.07.2015 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18वर्ष पूर्ण होनाअनिवार्य है साथ ही उक्त दिनांक को अभ्यर्थी की आयु 40वर्ष से अधिक न हो। रिक्त पदों की संख्या को बढाया या कम किया जा सकता है। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन जाति, अन्य पिछडा वर्ग के लिये आरक्षण, विद्यमान शासकीय नियमों के अनुसार दिया जायेगा, इसी प्रकार क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत आने वाली श्रेणियों यथा उ0प्र0के स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रित, उ0प्र0 के भूतपूर्व सैनिकों,उ0प्र0समाज के विकलांगो तथा उ0प्र0की महिला अभ्यर्थियों को भी विद्यमान अद्यतन शासकीय नियमों के अनुसार रिक्तियां बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा।

3–आन लाइन फार्म दिनांक 22.07.2015 तक जमा किये जा सकेगें। सामान्य और अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों से रू0–300/–(बैंक प्रभार अतिरिक्त) तथा उ0प्र00अनुसूचित जाति /अनुसूचित जन जाति वर्ग के अभ्यर्थियों से रू0–150/–(बैंक प्रभार अतिरिक्त) का आवेदन शुल्क ई–चालान के माध्यम से जिलाधिकारी बदायूँ के पक्ष में देय होगा, जिसका उल्लेख आन लाइन आवेदन प्रपत्र पर किया जायेगा।

4–प्रदेश के सभी जनपदों में परिषद द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी होगी। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन अनुमन्य नही होगा तथा इस संबध में कोई भी प्रार्थनापत्र स्वीकार नही होगा।

निरन्तर–2

5–परीक्षा वस्तुनिष्ठ 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा, परीक्षा संबंधी जानकारी के संबध मे तिथि, समय और परीक्षा एवं साक्षात्कार के आयोजन स्थल उम्मीदवारों को ई–प्रवेशपत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा डाउनलोड किया जायेगा, जो परिषद की बेबसाइट http://bor.up.nic.in पर और जनपद की बेबसाइट badaun.nic.in पर उपलब्ध होगा।

6–आन लाइन आवेदन का प्रारूप, आफ लाइन परीक्षा संबधी निर्देश ,अन्य सामान्य निर्देश एवं परीक्षा संबधी अन्य प्रसांगिक जानकारी व सम्पूर्ण विवरण दिनांक 22.06.2015 से परिषद की बेबसाइट http://bor.up.nic.in पर और जनपद की बेबसाइट badaun.nic.in पर उपलब्ध हो जायेगा।

7–लेखपाल भर्ती परीक्षा–2015 के सम्बन्ध में पूर्व में दिनॉक 17.06.2015 को जारी विज्ञप्ति के अनुसार जिन अभ्यर्थियों के परीक्षा शुल्क फार्म स्वीकार (SUBMIT) किये जा चुके हैं, उन अभ्यर्थियों द्वारा पुनः परीक्षा शुल्क / फार्म नहीं भरे जायेंगे। उनका अभ्यर्थन इस नयी विज्ञप्ति के लिये भी मान्य होगा।

(शम्भू नाथ)
अध्यक्ष चयन समिति
/ जिलाधिकारी
बदायूँ

## कार्यालय जिलाधिकारी(भूलेख अनुभाग), बदायूँ

संख्या व दिनांक उपरोक्त

प्रतिलिपि :–

1– आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ0प्र0, अनुश्रवण प्रकोष्ठ लखनऊ को सूचनार्थ।
2– आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ0प्र0, अनुभाग–4 लखनऊ को सूचनार्थ।
3– आयुक्त बरेली मण्डल, बरेली को सूचनार्थ।
4– जिला सेवायोजन अधिकारी बदायूँ को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5– सहायक सूचना निदेशक, बदायूँ को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6– समस्त तहसीलदार / खण्ड विकास अधिकारी जनपद बदायूँ को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
7– जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, को जनपद की वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।
8– नाजिर सदर, कलेक्ट्रेट, बदायूँ को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
9– संपादक दैनिक समाचार पत्र– दैनिक जागरण, अमर उजाला एवं हिन्दुस्तान को इस आशय से प्रेषित कि अपने सम्मानित समाचार पत्र के प्रदेशीय संस्करण के आगामी अंक में एक बार शासकीय दरों पर न्यूनतम आकार में प्रकाशित कराकर विज्ञापन बीजक सूचना विभाग से सत्यापित कराकर भुगतान हेतु उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

अध्यक्ष चयन समिति
/ जिलाधिकारी
बदायूँ